File No.33-3099/49/2023- -3-

I/322366/2023

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार,

उप सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,

पंचायतीराज,

उ0प्र0 लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊ। दिनांक मई, 2023

विषय:- 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत जनपद स्तर पर स्वीकृत तकनीकी एवं प्रशासनिक मद की धनराशि से विकास खण्ड स्तर पर व्यय किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-6/3531/2022-6/223/2022 दिनांक 03.02.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत राज्य स्तर पर कार्यालय मद में व्यय किए जाने हेतु स्वीकृत धनराशि रू. 5.94 करोड़ में से जनपद स्तर पर व्यय हेतु रू. 4.50 करोड़ की धनराशि विकास खण्ड स्तर पर सहायक विकास अधिकारी (पं0) कार्यालय हेतु प्रशासनिक मद में प्रति विकास खण्ड मासिक रू. 4,000/- एवं वार्षिक रू. 48,000/- अधिकतम व्यय किए जाने की अनुमति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के पत्र संख्या-I/315473/2023 फाईल नं0-33-3002(002)/3/2023-3 दिनांक 12.05.2023 द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में तकनीकी एवं प्रशासनिक मद की धनराशि व्यय किए जाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं। आपके अनुरोध के क्रम में 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत राज्य स्तर पर कार्यालय मद में व्यय किए जाने हेतु स्वीकृत धनराशि रू. 5.94 करोड़ में से जनपद स्तर पर व्यय हेतु रू. 4.50 करोड़ की धनराशि विकास खण्ड स्तर पर सहायक विकास अधिकारी (पं0) कार्यालय हेतु प्रशासनिक मद में प्रति विकास खण्ड मासिक रू. 4,000/- एवं वार्षिक रू. 48,000/- अधिकतम व्यय किए जाने हेतु पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से भुगतान एवं खाते के संचालन खण्ड स्तर पर मेकर के रूप में कम्प्यूटर ऑपरेटर (वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन) एवं चेकर के रूप में सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किए जाने की अनुमति शासन स्तर से प्रदान की जाती है।

उक्त धनराशि के व्यय के संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17.03.2023 एवं इस संबंध में जारी किये गये अन्या समस्त आदेशों में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन स्वीकृत की जा रही धनराशि के व्यय करने से पूर्व कडाई से सुनिश्चिितत किया जायेगा।

भवदीय,

Signed by गिरिजेश कुमार
Date: 25-05-2023 18:32:05
Reason: Approved

(गिरिजेश कुमार)
उप सचिव।

Amit Sri 23

Scanned with OKEN Scanner